प्रेषक,

फूल चन्द्र कुशवाहा,
अपर सत्र न्यायाधीश,
(त्वरित न्यायालय) कोर्ट सं0–1,
महराजगंज

सेवा में,

महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा– श्रीमान् जनपद न्यायाधीश,
महराजगंज।

विषयः सम्पत्ति विवरण के सम्बन्ध मे वांछित आपत्ति के सम्बन्ध में।

महोदय,

विलम्ब से सम्पत्ति विवरण दाखिल करने के सम्बन्ध में निवेदन है कि प्रार्थी की मां के गिर जाने के कारण उनके कूल्हे की मुख्य हड्डी अक्टूबर–2022 में टूट गयी थी जिसके सम्बन्ध में उन्हें के0जी0एम0यू0 लखनऊ में लगभग 20 दिन भर्ती कर ईलाज कराया गया। चूंकि उनकी उम्र लगभग 75 वर्ष थी इस कारण बडी सर्जरी होने के कारण उन्हें अनेको प्रकार की अन्य समस्याएं भी आ गयी थी। देखभाल के दौरान दुर्भाग्यवश उनका निधन 25 दिसम्बर, 2022 को हो गया। प्रार्थी काफी परेशान था। इसी दौरान अप्रैल–2023 में प्रार्थी का स्थानान्तरण जनपद लखनऊ से जनपद महराजगंज कर दिया गया। इस कारण प्रार्थी काफी परेशान रहा एवं आवश्यक कार्यवश उसे लखनऊ, रायबरेली आदि जाना पड़ता था।

उपरोक्त परिस्थितियो के कारण ही वित्तीय वर्ष–2020–21 व 2021–22 का सम्पत्ति विवरण दाखिल करने में कुछ विलम्ब हुआ है। जानबूझकर किसी प्रकार का कोई विलम्ब नहीं किया गया है।

अतः महोदय से अनुरोध है कि उपरोक्त वित्तीय वर्ष के सम्पत्ति विवरण को दाखिल करने में हुई विलम्ब को क्षमा करने की कृपा करें।

भवदीय,

05.09.24

(फूल चन्द्र कुशवाहा)
आई0डी0न0यू0पी02712
अपर सत्र न्यायाधीश
(त्वरित न्यायालय), कोर्ट सं0–1,
महराजगंज।